3

शब्द और वाक्य

(Word and Sentence)

देखिए, पढ़िए और समझिए–

म + ग + र = मगर

घ + र = घर

चि + ड़ि + या = चिड़िया

बच्चो! ऊपर दिए गए चित्रों के नीचे लिखे हुए वर्णों के समूह शब्द हैं। ये शब्द कई वर्णों को मिलाकर बने हैं; जैसे–

म + ग + र	=	मगर	(एक जल-जीव)
घ + र	=	घर	(एक स्थान)
चि + ड़ि + या	=	चिड़िया	(एक पक्षी)

आपने देखा कि इन वर्ण-समूहों को पढ़ने से उनका अर्थ स्पष्ट रूप में समझ में आ गया है। अतः ये शब्द हैं।

अब इन्हीं वर्ण-समूहों को निम्न प्रकार लिखें तो–

र + म + ग = रमग = (अर्थ .... ?)

र + घ = रघ = (अर्थ .... ?)

ड़ि + या + चि = ड़ियाचि = (अर्थ .... ?)

अब ऊपर लिखे हुए वर्ण-समूहों से उनका कोई अर्थ नहीं निकल रहा। अतः ये शब्द नहीं हैं।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि –

वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।

शब्द के भेद

अर्थ के आधार पर शब्द के दो भेद हैं –

1. सार्थक शब्द 2. निरर्थक शब्द

1. सार्थक शब्द

जिन वर्ण-समूहों का कोई अर्थ निकलता हो, उन्हें सार्थक शब्द कहते हैं; जैसे– किताब, पाठशाला, भवन आदि।

2. निरर्थक शब्द

जिन वर्ण-समूहों का कोई अर्थ नहीं निकलता, उन्हें निरर्थक शब्द कहते हैं; जैसे– ताकिब, ठपाशाला, नवभ आदि।

वाक्य

देखिए, पढ़िए और समझिए–

अमन + नहा + रहा + है।
अमन नहा रहा है।

रोहित + सो + रहा + है।
रोहित सो रहा है।

बच्चो! आपने देखा कि ऊपर दिए गए शब्द-समूहों का अर्थ स्पष्ट हो रहा है; अतः ये वाक्य है।

अब इन शब्द-समूहों को निम्न प्रकार पढ़िए–

1. है रहा अमन नहा

2. है रहा रोहित सो

अब आपने देखा कि ऊपर दिए गए शब्द-समूहों का कोई अर्थ स्पष्ट नहीं हो रहा है, अतः ये वाक्य नहीं हैं। ये केवल शब्द-समूह हैं।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि–

शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहते हैं।

आओ दोहराएँ

- वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।
- शब्द के दो भेद हैं – सार्थक शब्द तथा निरर्थक शब्द।
- शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहते हैं।

अब बताइए

(क) सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

1. वर्णों के सार्थक समूह को कहते हैं–
   (i) शब्द ☐ (ii) वाक्य ☐ (iii) भाषा ☐
2. शब्द के कितने भेद हैं–
   (i) दो ☐ (ii) तीन ☐ (iii) चार ☐
3. इनमें सार्थक शब्द है–
   (i) रगम ☐ (ii) मनक ☐ (iii) नमक ☐
4. इनमें निरर्थक शब्द है–
   (i) ताकिख ☐ (ii) पाठशाला ☐ (iii) गाँव ☐

5. शब्दों के सार्थक समूह को कहते हैं–

(i) भाषा ☐ (ii) वाक्य ☐ (iii) शब्द ☐

(ख) नीचे लिखे वर्णों को सही क्रम में लिखकर सार्थक शब्द बनाइए–

बूजतर	....	याड़िभे	....	तरासं	....
शगोखर	....	दमीआ	....	कीलड़	....

(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

1. शब्द किसे कहते हैं?
2. वाक्य किसे कहते हैं?
3. शब्द के भेद लिखिए।
4. सार्थक शब्द किसे कहते हैं?

(घ) नीचे दिए गए शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए–

1. पढ़ना मुझे है अब ....
2. गया दिल्ली अमन है। ....
3. पुस्तक पर रखी मेज है। ....
4. लड़की कोमल है अच्छी ....
5. रोहन है कक्षा में रहा पढ़ ....

(ङ) चित्र को देखकर पाँच वाक्य लिखिए–

....

....

....

....

....